卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 19 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦26 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## चेन्नई पहुंचे सीएम धामी पार्थसारथी मंदिर में की पूजा




चेन्नई/देरादून(उद ब्यूरो)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अधिकारियों के साथ बुध वार को औद्योगिक निवेश जुटाने के मकसद से चेन्नई पहुंचे। बृहस्पतिवार को वह महात्मा गांधी मार्ग स्थित होटल ताज में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े निवेशकों के साथ संवाद करेंगे। इस रोड शो में हेल्थ केयर, फार्मा, ऊर्जा क्षेत्र पर विशेष फोकस होगा। सीएम धामी ने ट्रिप्लीकेन, चेन्नई में स्थित भगवान विष्णु के अलौकिक अवतार पार्थसारथी भगवान के पौराणिक मंदिर में पूजा-अर्चना की ( शेष पृष्ठ सात पर )

## न्यायमूर्ति मनोज तिवारी हाईकोर्ट के कार्यवाहक सीजे बने

नैनीताल(उद संवाददाता)। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। उनके पिता एनबी तिवारी नामी वरिष्ठ वकील रहे हैं जबकि उनके दादा राम दत्त भी जिला पिथौरागढ़ में वकील थे।जस्टिस मनोज तिवारी की 10वीं तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय पिथौरागढ़ में हुई। उन्होंने ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिथौरागढ़ से ही किया। उन्होंने विभिन्न मामलों में राज्य सरकार की ओर से विशेष वकील के रूप में पैरवी की है। 19 सितंबर 1965 को पिथौरागढ़ में उनका जन्म हुआ। 1990 में दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी किया।1990 में बार काउंसिल ऑफ यूपी इलाहाबाद में पंजीकृत हुए और उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में प्रैक्टिस शुरू की।2000 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय बनने पर वह नैनीताल स्थानांतरित हुए।( शेष पृष्ठ सात पर )



## मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में युवक की मौत

काशीपुर। दोस्त के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर दशहरा देखने सिकमपुर जा रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक का साथी एक्सीडेंट में घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक शिवराजपुर पट्टी थाना कुंडा निवासी बंटी कुमार 25 वर्ष पुत्र भरत सिंह मेहनत मजदूरी किया करता है। उसकी सीकमपुर में ननिहाल है। पता चला है कि गत बुधवार की शाम वह विधि का मझरा केलाखेड़ा निवासी अपने दोस्त संजय के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर सीकमपुर दढियाल (यूपी) दशहरा देखने जा रहा था इसी दौरान मार्ग में राज्य की सीमा पर लोहिया पुल के करीब चौखंडी मोड़ के पास मोटरसाइकिल से मोटरसाइकिल की तेज भिड़ंत हो गई। हादसे की चपेट में आकर बंटी गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया। बेहद नाजुक( शेष पृष्ठ सात पर )



## नकली हर्बल दवा बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश

### एसटीएफ की कार्रवाई ,सितारगंज के एक मकान में चल रहा था नकली धंधा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ टीम ने स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के साथ ज्वांइट ऑप्रेशन में सितारगंज के एक मकान में नकली हर्बल दवाइयाँ बनाने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। छापेमारी में हर्बल के नाम पर विभिन्न बीमारियों के इलाज के नाम पर ऑनलाइन बेची जा रही थी दवाइयाँ, मौके से हर्बल लिखा चूर्ण, कैप्सूल, ड्राप, मुर्गा दाना लिखा कट्टे व कुछ मशीनें बरामद की गई हैं। साथ ही भारी मात्रा में मिली दवाइयों व रॉ-मैटेरियल को सील कर सैंपल लिये गये। यह जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ को सितारगंज में अवैध दवाई फैक्ट्री संचालित होने की सूचना मिली थी। जिस पर कुमायूँ टीम को उन्होंने कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे द्वारा गठित टीम ने सितारगंज के थारु गौरीखेड़ा क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को साथ लेकर एक घर में छापेमारी की तो टीम को वहाँ हर्बल दवाओं के नाम पर भारी मात्रा में चूर्ण, कैप्सूल, पाउडर मिला। दवाओं में किसी ब्रांड के रैपर,टैग नही लगे थे। इन दवाओं की ताकत बढ़ाने और बीमारियों के इलाज के लिए ऑनलाइन बिक्री की जा रही थी। एसएसपी एसटीएफ श्री अग्रवाल के मुताबिक, मौके से टीम को मुर्गा लिखे हुए चूर्ण के कट्टे मिले हैं। इसी चूर्ण को प्लास्टिक के कैप्सूलों में भरा गया है। सम्बन्धित विभाग द्वारा इन दवाओं के सैंपल लिये गये हैं। हर्बल दवा के नाम पर ऑनलाइन दवा बेचने वाले दा( शेष पृष्ठ सात पर )



## भतीजे को ब्लैकमेल कर मांगी 40 लाख की फिरौती

### रकम न मिलने पर बौखलाए व्यापारी ने पीड़ित पर चलाई गोली,मुकदमा दर्ज

काशीपुर। व्यापारी नेता ने अपने रिश्ते के भतीजे को एडिटेड आपत्तिजनक वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने की नियत से 40 लाख रूपयों की डिमांड की। रकम न मिलने पर बौखलाए आरोपी ने पीड़ित पर गोली चलाकर उसे मौत के घाट उतारने का सनसनीखेज प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी तथा उसके साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर रेलवे स्टेशन रोड निवासी प्रतीक अग्रवाल पुत्र शरद अग्रवाल ने बताया कि काशीपुर निवासी अनूप अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय केशव शरण अग्रवाल से उसकी पुरानी जान पहचान है। लगभग एक माह पूर्व एक भोग कार्यक्रम के दौरान उसकी मुलाकात जब अनूप अग्रवाल से हुई तो अनूप ने उसे 20 लाख रुपए उधार मांगे। असमर्थता जताने पर अनूप ने प्रतीक को धमकी दे डाली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिवस वह रामलीला ग्राउंड में रामलीला देखने गया था इस दौरान अनूप अग्रवाल से सामना होने पर अनूप ने प्रतीक को साइड में ले जाकर मोबाइल में एक आपत्तिजनक एडिटेड वीडियो दिखाया। आरोप है कि यह वीडियो दिखाकर अनूप अग्रवाल ने प्रतीक से 20 की बजाय 40 लाख रुपयों की डिमांड की और 15 दिन का समय दिया। इस बार फिर अनूप अग्रवाल द्वारा प्रतीक को रकम न देने के एवज में धमकी दी गई। हालिया घटना क्रम का जिक्र करते हुए शिकायत कर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 22 अक्टूबर की रात्रि लगभग 10:00 बजे जब वह रामलीला ग्राउंड में अपनी गाड़ी पार्क करने के बाद फलोरी खा रहा था इसी दौरान अनूप अग्रवाल उसके बेटे अमोल अग्रवाल मनदीप क्षितिज राजू बाजवा आदि लाठी डंडे बंदूक पिस्टल समेत घातक हथियारों से लेस होकर वहां पहुंच गए और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अमोल ने उसकी( शेष पृष्ठ सात पर )

## पत्रकार के साथ बदसलूकी के आरोपी दरोगा सस्पेंड

देहरादून(उद संवाददाता) । राजधानी में विजयदशमी के मौके पर परेड ग्राउंड में पत्रकार के साथ बदसलूकी करने वाले दरोगा को डीजीपी ने सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही इस मामले की जांच रिपोर्ट तीन दिन में मांगी है।बता दें बीते मंगलवार को परेड ग्राउंड में दशहरा मेले के मौके पर पत्रकार ओम प्रकाश सती के साथ उप निरीक्षक द्वारा बदसलूकी की गई थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद देहरादून के कप्तान अजय सिंह ने दरोगा हर्ष अरोड़ा का लाइन हाजिर कर दिया था। लेकिन पत्रकारों के रोष के बाद बुधवार को डीजीपी अशोक कुमार ने दरोगा को सस्पेंड कर जांच सीओ डालनवाला को सौंप दी।घटना विजयदशमी पर्व की है। जब सभी पत्रकार रावण दहन के कार्यक्रम को कवर करने के लिए परेड ग्राउंड पहुंचे थे। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दरोगा पत्रकार को धक्का मारकर मैदान से बाहर निकाल रहे हैं। मामले को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों का( शेष पृष्ठ सात पर )

## एसएसपी दरबार पहुंचा अभद्रता का मामला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस ट्रांजिट कैम्प थाने में भाजपा नेत्री से अभद्रता किये जाने की शिकायत लेकर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल एसएसपी मंजूनाथ टीसी से मिला। अभद्रता का मामला संज्ञान में आने के बाद एसएसपी ने थानाध्यक्ष से बातचीत करते हुये मामले को सुलझा दिया गया। उनका कहना था कि भाजपा नेत्री दीपा राय किच्छा विध ान सभा क्षेत्र में हुए एक विवाद में एक पक्ष की पैरवी करने ट्रांजिट कैम्प थाने गई थीं। जहां पुलिस कर्मियों द्वारा उनसे अभद्रता की गई। जिनके विरूद्ध कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ पुलिस थाने में अभद्रता गलत है। एसएसपी ने थानाध्यक्ष से भी पूरी जानकारी लेते हुये भाजपा नेत्री और पुलिस के बीच उपजे विवाद को शांत कराते हुये शिष्टमंडल को संतुष्ट कर दिया गया। इस दौरान शिष्टमंडल में भाजपा के कई लोग शामिल थे। गौर तलब है कि ट्रांजिट कैम्प थाने पहुंची भाजपा नेत्री दीपा राय ने जब अपना( शेष पृष्ठ सात पर )



## शक्तिफार्म के गन्ना किसानों का प्रदर्शन

सितारगंज(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के पांच गन्ना क्रय केंद्रों से जुड़े किसानों ने पूर्व की भांति किच्छा चीनी मिल में गन्ना सप्लाई की मांग की है। उन्होंने सितारगंज जेजीएन शुगर एंड बायोफ्यूलय प्राइवेट लिमिटेड चीनी इकाई को गन्ना सप्लाई करने इंकार कर दिया है गन्ना किसानों, पीपीडी मोड पर संचालित चीनी मिल के जीएम व गन्ना सचिव के बीच गन्ना सप्लाई को काफी देर वार्ता हुई लेकिन गन्ना किसान किच्छा चीनी मिल में पूर्व की भांति गन्ना सप्लाई देने पर अड़े रहे। दि किसान सहकारी चीनी मिल 30 वर्षों के लिए लीज पर संचालित होनी है। जेजीएन शुगर एंड बायोफ्यूलय प्राइवेट लिमिटेड चीनी इकाई तीन दशक के लिए क्षेत्र के किसानों का गन्ना खरीदेगी। जेजीएन शुगर एंड बायोफ्यूलय प्राइवेट लिमिटेड चीनी इकाई के जीएम अमर शर्मा, गन्ना सचिव ताहिर अली और शक्तिफार्म के तिलियापुर, नकहा और मखबारा गन्ना सेंटरों के किसानों के बीच वार्ता हुई। जिसमें किसान अनिरुद्ध राय ने आरोप लगाया कि पूर्व से तिलियापुर, नकहा, मखबारा समेत पांच सेंटरों के गन्ना( शेष पृष्ठ सात पर )



# उत्तराखण्ड को मिली जमरानी बांध के रूप में बड़ी सौगात : गुंजन सुखीजा

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने मिष्ठान वितरण कर किया खुशी का इजहार

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर के सकैनिया मोड़ स्थित मंडल महामंत्री अनिल जेटली के प्रतिष्ठान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण कर अपनी खुशी का इजहार किया। मिष्ठान वितरण के कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला और आसपास के इलाके की पेयजल और सिंचाई की समस्या भी दूर होगी। काठगोदाम से 10 किमी के ऊपरी क्षेत्र में गौला नदी पर यह बांध बनना है। परियोजना से लगभग डेड लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई भी होनी है। इसके साथ ही हल्द्वानी शहर को पेजल भी उपलब्ध होगा। जिला अध्यक्ष गुंजन परियोजना के 14 मेगावाट बिजली उत्पन्न होगी और हल्द्वानी तथा आसपास के क्षेत्र के लिए 42.70 मिलियन क्यूबिक मीटर पेय जल भी उपलब्ध होगा जिससे लगभग 10 लाख से अधिक लोगों को फायदा होगा। पीएम कृषि सिंचाई योजना की शुरुआत वर्ष 2015-16 में की गई थी जिसका उद्देश्य खेती वाली जमीन के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार प्रकट करते हैं। वही मंडल के महामंत्री अनिल जेटली अभिषेक वर्मा एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश ओड़िआ ने भी मिष्ठान वितरण करते हुए अपनी खुशी का इजहार कर प्रदेश एवं केंद्र सरकार का साधुवाद किया। कार्यक्रम के दौरान,सुभाष गुम्बर, मिन्नी




अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के साथ मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया एवं उत्तराखंड एवं केंद्र सरकार को धन्यवाद कर आभार प्रकट किया। गुंजन सुखीजा ने बताया कि जमरानी बांध परियोजना को केंद्र सरकार ने स्वीकृति देते हुए हरी झंडी दिखा दी है। जमरानी बांध परियोजना बनने से हल्द्वानी सुखीजा ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कार्यक्रम के तहत पुरी की जाएगी और यह उत्तराखंड के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सिंचाई बिजली और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराएगी उन्होंने बताया लगभग मार्च 2028 में पूरी होने वाली इस परियोजना पर 2584 करोड रुपए के खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया इस तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना कृषि योग्य भूमि का दायरा बढ़ाना और खेती के लिए पानी के इस्तेमाल के सदुपयोग को बढ़ाना है।। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा यह योजना उत्तराखंड के लिए बहुत बड़ी सौगात है जिसके लिए वह प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं लोकप्रिय सांसद वह पर्यटक केंद्र मंत्री अजय भट्ट गुम्बर, अभिषेक वर्मा,नरेश हुड़िया, कपिल गण्डा,गोकुल खेड़ा, वरयाम प्रधान,पंकज सेतिया, अनिल जेटली, हरीश जेटली, कुनाल रस्तोगी, टिप्सन नरूला, राहुल अनेजा, राजकुमार मिगलानी, अशोक छाबड़ा, पवन गुप्ता, प्रेमपाल, वीर सिंह, राकेश चन्द्र, धर्मपाल हुड़िया, हरीश अग्रवाल, गुलशन शर्मा सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

# बैठक में कांग्रेस की जनसभा को सफल बनाने को बनाई रणनीति

किच्छा। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा आगामी 5 नवंबर को एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको सफल बनाने के लिए नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी उर्फ बबलू भाई के प्रतिष्ठान में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई ।जिसमें नगर क्षेत्र अंतर्गत समस्त वार्डों के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली गई। तथा प्रत्येक वार्ड के कार्यकर्ता को जनसभा का दायित्व सोपा गया । निर्णय लिया गया कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को जनमानस तक पहुंचाया जाए। और अधिक से अधिक लोगों



को जोड़ा जाए। कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 5 नवंबर को क्षेत्रीय विधायक द्वारा एक जनसभा नगर वासियों के लिए आयोजित की गई है जिसमें क्षेत्र के सभी लोगों को उनके विकास के विचार सुनने के लिए आमंत्रित किया गया है। तथा कांग्रेस पार्टी की समस्त कार्यकर्ता भी क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ से मिल होंगे इस अवसर पर मुख्य रूप से दर्शन कोली,सिंह अशोक मित्र, अशोक हुड़िया, नितिन शर्मा ,फजिल खान, त्रिवेणी सहाय गंगवार दुर्गेश गुप्ता, मंगली प्रसाद ,विनोद मौर्य, राजेश राठौर ,ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप ,हरभजन सिंह, जीवन जोशी ,अनिल जग्गी ,फरीद बाबा , रियाज खान,।सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# कैडेटों को ध्यान योग का अभ्यास कराया

किच्छा।हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल में 22 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक चल रहे 1 यू०के एयर स्क्वाड्रन एनसीसी पंतनगर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज योग प्रशिक्षक मोहन जोशी ने कैडेटों को ध्यान योग का अभ्यास कराया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ध्यान से मन एकाग्र होता है और मन की एकाग्रता प्रत्येक कार्य के लिए आवश्यक है। योग के माध्यम से आत्म बल को बढ़ाया जा सकता है है तथा प्रत्येक परस्थिति का आभास होना प्रारंभ हो जाता । छटी इंद्री का ज्ञान भी प्राप्त हो जाता जो की एक कैडेट्स के जरूरी है।इस दौरान कैडेटों को योगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कैम्प कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर निशांत पंवार ने अपने सम्बोधन में कैडेटों से ध्यान योग का नियमित अभ्यास करने का आवाह्न किया। इससे पूर्व कैडेटों ने ऐरोमोडलिंग इंस्ट्रक्टर प्रमोद कुमार के निर्देशन में युद्धक विमान मिग-21, मिग-29, मिराज 2000, सुखोई के मॉडल बनाये और कंट्रोल लाइन फ्लाइंग का शानदार प्रदर्शन किया।



# जाम के झाम से नहीं मिल रही राहत

काशीपुर। शहर में जाम के झाम से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में सुबह सवेरे से लेकर देर रात तक दर्जनों बार करारा जाम लगने के स्थिति रहती है। ज्ञातव्य है कि पिछले कुछ समय से काशीपुर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से नीचे आ गई। खासकर रामनगर रोड पर स्टेडियम तिराहा, चीमा चौराहा एवं टांडा उज्जैन इलाके की ओर जाम के बीच नियमों की अनदेखी कर वहां इधर-उधर से निकालने वालों के कारण गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पूर्व में कई बार उपरोक्त स्थान पर गंभीर




दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। ट्रैफिक जाम के हालात जब भी बनते हैं वाहनों की लंबी कतार टांडा चौराहे से टांडा तिराहे तक लग जाती है ऐसे में यातायात नियमों की अनदेखी करने के फलस्वरुप दुर्घटनाओं की आशंका बनी हालत बेहद गंभीर है। उपरोक्त स्थान पर सुबह से लेकर देर रात तक कई-कई बार भीषण जाम लगने के नौकरी पेशा लोगों के अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को गंतव्य तक पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है तो वहीं दूसरी एक्सीडेंट में लोगों की मौत तक हो गई लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका है। टांडा उज्जैन चौराहे पर जाम की स्थिति बेहद गंभीर है। यहां जाम लगने के कारण अलीगंज रोड दढियाल रोड एवं शुगर फैक्ट्री रोड पर वाहनों की लाइन लग जाती है। चौराहे पर जाम लगने का एक प्रमुख कारण कारोबारी द्वारा अतिक्रमण को माना जा रहा है।

## हाईवे बनी पार्किंग कार्यवाही से परहेज

मुरादाबाद रोड पर अस्पताल व स्कूल के संचालकों ने हेकड़ी की सारी हदें पार करते हुए हाईवे को पार्किंग बना दिया लेकिन प्रशासन सब कुछ देखकर भी इसे अनदेखा कर रहा है। ट्रैफिक पुलिस सीपीयू या फिर निगम प्रशासन तीनों ही अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह से नजर अंदाज करके चल रहे हैं। क्षेत्राधिकार कार्यालय से ठेला पुल तक मार्ग के दोनों और हाईवे को किस तरीके से पार्किंग में तब्दील किया गया है यह नजर कभी भी खुली आंख दिखा जा सकता है लेकिन इस बारे में किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही करने से लगातार प्रशासन परहेज कर रहा है।

# कार की टक्कर से बाइक सवाल घायल

किच्छा। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगला हल्द्वानी मार्ग बेनी मजार के पास एक कार चालक द्वारा बाइक सवार को टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसको इलाज हेतु सरदार वल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर घायल की नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर को भेज दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार लाल कुआं घोड़ा नाला निवासी सुहेल पुत्र ईशा चरण अपनी मोटरसाइकिल ना04 2963 से जा रहा था जिसको पीछे से आ रही है कार ने टक्कर मार दी। जिससे मोटर साइकिल सवार घायल हो गया बताया जा रहा है कि कर चालक नशे की हालत में था। वह नियंत्रण खो बैठा और बाइक सवार को टक्कर मार दिया।

# सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय : हरि चौतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चौतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अधर्माचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्यागकर, अंतर मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। मगर जब तक सत्य का संग नहीं होगा सत्संग से भी कोई लाभ प्राप्त हो नहीं सकेगा। जिस प्रकार सूरज की किरणें हमें तब तक लाभ नहीं पहुंचा सकती जब तक कि हमारे घरों की खिड़की दरवाजे बंद रहेंगे। भी त्यागने का संकल्प भी लें, तभी हमारा इन त्योहारों को मनाना पूर्णरूपेण सार्थक होगा। भगवान राम की रावण पर विजय, सत्य की असत्य पर, अच्छाई की बुराई पर, धर्म की अधर्म पर विजय है यह हमेशा होती रही है और होती रहेगी। महाराज श्री ने कहा कि असत्य, अधर्म, ओतप्रोत बनाएं। उन्होंने कहा कि आज लोगों के धर्म से विमुख होने के कारण ही मानवता की कमी भी दिखाई देने लगी है। किसी को सुधारने से पहले स्वयं को सुधरना चाहिए। महाराज श्री के दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया, तथा सभी भक्तजन




जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने ठीक उसी प्रकार हम गुरु व परमात्मा की कृपा के अधिकारी तभी बन सकते हैं जबकि हम उनके द्वारा दिए गए ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्गत में उतारेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी रावण इत्यादि के पुत्रों का प्रतिवर्ष दहन करते हैं लेकिन इस अवसर पर अपनी आसुरी प्रवृत्तियों को अन्याय व बुराई हो सकता है कि हमें कुछ समय के लिए फलते फूलते से प्रतीत हों परंतु अंत में विजय सत्य, धर्म व अच्छाई की होगी। हम सभी इन प्रतीकात्मक पर्वो से प्रेरणा व संदेश ग्रहण कर अपने जीवन को दिव्य,मर्यादित, कर्तव्यपरायण, प्रभुभक्तिमय, राष्ट्रीयता व मानवता से मंत्रमुग्ध व भावविभोर हो गए व 'हरिबोल' की धुन में झूम उठे। सारा वातावरण "श्री गुरु महाराज" "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया" की जय जयकार से गुंजायमान हो उठा। कन्या पूजन में करीब 1008 कन्याओं का पूजन करके महाराज जी ने दक्षिणा प्रदान की।

# श्री राम का हुआ राज्यभिषेक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला मंचन के अंतिम दिन भरत मिलाप की लीला का मंचन होली ग्राउंड में किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री जी कहते हैं भगवान श्री राम लंका पर विजय प्राप्त करके माता सीता और लक्ष्मण जी, हनुमान जी आदि के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे तो खबर पा कर अयोध्या वासियों में खुशी की लहर दौड़ जाती है। पूरी नगरी को फूलों से दीपों से सजाया जाता है। अयोध्या के बाहर ही 14 वर्षों से कुटिया में वनवासी की तरह जीवन व्यतीत कर रहे भरत जी तीनों माताएं में शत्रुघ्न एवम गुरु वशिष्ठ जी श्री राम सीता का स्वागत



करते हैं। वशिष्ठ जी के निर्देशन में भगवान श्री राम का राज्याभिषेक होता है। कार्यक्रम में श्री रामलीला संचालन समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। जिसमे मुख्य रूप से रिसीवर श्रीमती ऋचा सिंह, राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, अतुल अग्रवाल, मनोज गुप्ता, तनुज, विवेक कश्यप, सौरभ अग्रवाल, अनुभव गोयल आदि उपस्थित रहे।कल 27 अक्टूबर को राम दरबार की भव्य शोभा यात्रा रामलीला मैदान से नगर में निकाली जाएगी। जिसमे सुंदर झाकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। 28 अक्टूबर को श्री राम भवन में यज्ञ के साथ रामलीला का परायण होगा।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# जमरानी बांध भावर की पेयजल का एकमात्र है विकल्पः वर्मा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक नवीन वर्मा ने जमरानी बांध के निर्माण हेतु केंद्रीय परियोजना घोषित करते हुए केंद्रीय कैबिनेट द्वारा वित्तीय मंजूरी मिलने का स्वागत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि बांध निर्माण का अवरोध अब समाप्त होता प्रतीत हो रहा है। सन 1975 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री केसी पंत एवं केएल राव ने जमरानी बांध निर्माण हेतु पहल की थी। वित्तीय मंजूरी मिलने पर बांध निर्माण का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया था। जिसमें फीडर कैनाल बननी शुरू हो गई थी। काठगोदाम से गूलरभोज तक फीडर कैनाल बनाने में सन् 1980 तक लगभग 27 करोड़ रूपया इस मद में खर्च किया गया। जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति ने सन् 1991से 2009 तक कई बड़े आन्दोलन किए लेकिन जमरानी बांध निर्माण का कार्य राजनीति के भेंट चढ़ता रहा। उन्होंने बताया कि सन् 2009 में संघर्ष समिति ने एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में लगाई जिसमें जनता के पैसों का दुरुपयोग करते हुए जमरानी बांध के द्वितीय चरण की फील्डर कैनालों को बनाने में करोड़ों रुपया लगा दिया गया। बाद में इन कैनालों में बड़े-बड़े पेड़ उग गए थे। इसके लिए समिति ने टांडा जंगल में बनी नहर का उदाहरण प्रस्तुत किया था। वर्तमान में केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री एवं नैनीताल के सांसद अजय भट्ट के अथक प्रयासों यह उपलब्धि हासिल हुई है। इसके लिए समिति श्री भट्ट जी का आभार व्यक्त करती है। संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एनसी तिवारी एवं मोहन सिंह बोरा ने जमरानी बांध निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति मिलने का स्वागत करते हुए कहा कि अब हमें बांध बनने की आशा जगी है। समिति के सदस्य राम सिंह बसेड़ा, लक्ष्मण सिंह रजवार, गोविंद सिंह बोरा, राहुल छिमवाल, हेमंत पाठक आदि ने भी केन्द्रीय वित्त मंजूरी का स्वागत किया है।

# आरएएन की रिद्धि व सानवी ने जीते पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर ए एन पब्लिक स्कूल की रिद्धि जैन और सानवी भोसले ने सीबीएसई के द्वारा नॉर्थ जोन प्रथम ताइक्वांडो क्लस्टर 2023-24 में आयु वर्ग -17 और आयु वर्ग 14 मे तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। यह जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट




ने बताया कि इस आयोजन में 200 स्कूलों ने भाग लिया था। इन विजयी छात्राओं ने विद्यालय तथा अभिभावकों की प्रतिष्ठा में चार चांद लगा दिए। इस सुअवसर पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एचके राय, विद्यालय संचालक मोहित राय तथा प्रधानाचार्य श्रीमती भावना भनोट ने छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उन्हें इसी प्रकार आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

# घास लेने गयी महिला को बाघ ने बनाया निवाला

खटीमा। राज्य मे जंगली जानवरों के द्वारा इंसानों पर हो रहे हमले भी दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं,जिसमें कभी-कभी दुखद घटना भी सामने आ रही हैं।ताजा मामला खटीमा के सुरई वन रेंज में बुधवार की सुबह जंगल में घास लेने गई वृद्ध महिला को बाघ ने मार डाला। बाघ द्वारा महिला पर हमले की सूचना मिलने पर सुरई वन रेंज के रेंजर राजेंद्र मनराल के निर्देश पर वन कर्मियों को टीम ने घटना स्थल की सघन तलाशी ली।जिस पर वन कर्मियों ने बग्गा चौवन इलाके से लगे सुरई वन रेंज से बाघ के हमले में मारी गई वृद्ध महिला का शव को बरामद कर लिया है। मृतक महिला की पहचान बग्गा चौवन निवासी भागुली देवी पत्नी स्व. नैन सिंह आयु 70 वर्ष के रूप में हुई है। खटीमा उप वन प्रभाग के एसडीओ संतोष पंत ने सुरई वन रेंज में वृद्ध महिला के बाघ के हमले में मौत की जहां पुष्टि की है।वही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार वन क्षेत्रों में आवागमन से मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं के सामने आने की भी बात कही है। वन अधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से वन क्षेत्र से आवागमन ना करने व वन क्षेत्र में प्रवेश ना करने की अपील की है।ताकि इस तरह की दुखद घटनाओं को रोका जा सके। बाघ के हमले में बग्गा चौवन इलाके की वृद्ध महिला की मौत के बाद एक बार फिर स्थानीय जनता में दहशत का माहौल है।फिलहाल वन विभाग ने घटना स्थल के आसपास वन कर्मियों की गस्त बड़ा दिया है।सुरई वन क्षेत्र से महिला के शव को बरामद करने वाली वन विभाग की टीम में डिप्टी रेंजर सतीश चन्द्र रिखाडी ,अजमत खां वन दरोगा, चन्द्रपाल, रामेश्वर दयाल वर्मा, संजय कुमार, मुकेश कुमार, चन्द्र प्रकाश,सुखबिंदर सिंह,सतपाल सिंह, दीपक कुमार, रविन्द्र कुमार अन्य दैनिक श्रमिक आदि मौजूद रहें।

# 28 से धूमधाम से मनेगा कार्तिक महात्म का पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म सभा की ओर से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर में श्री सनातन धर्म स्त्री सत्संग सभा के नेतृत्व में आगामी 28 अक्टूबर दिन शनिवार से कार्तिक महात्म का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष में 28 अक्टूबर को प्रातः काल 4:30 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के मुख्य द्वार पर गणेश वंदना होगी । तदुपरांत प्रभु के नाम का गुणगान करते हुए प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई 6 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में पहुंचेगी जहां पर कार्तिक महात्म की कथा पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री जी द्वारा की जाएगी। तत्पश्चात 7 बजे भोग पड़ेगा । श्री सनातन धर्म सभा ने सब भक्तों से निवेदन किया है किअधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुणय के भागी बने।

# लेक झील व डीडी चौक से दो लोगों की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास मार्ग पर लेक पैराडाईज झील के पास स्थित बाजार एंव डीडी चौक से अज्ञात वाहन चोर दो बाईक चोरी कर ले गये । मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में असगर अली पुत्र मुनब्बर अली निवासी आदर्श कालोनी ने कहा है कि 23 अक्टूबर को सायं वह लेक पैराडाईज झील में लगने वाली बाजार में सामान लेने के लिये अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 04 के 2360 पर सवार होकर गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल को लैक पैराडाइज झील के पास सड़क के किनारे खड़ा कर लॉक लगा दिया। कुछ देर बाद वापस लौट कर उसने देखा उसकी मोटरसाइकिल मौजूदा स्थान पर नही थी। वहीं अज्ञात वाहन चोरों ने डीडी चौक दरिया नगर रोड़ से एक व्यक्ति की बाईक संख्या यूपी 22 एएन 0394 चोरी कर ली । पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों घटनाओं की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दुर्गा मंदिर में कल प्रातः बटेगा खीर प्रसाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति दुर्गा मंदिर रुद्रपुर द्वारा 32 वी मां वैष्णो दरबार यात्रा को संपूर्ण होने पर कल 27 अक्टूबर को श्री दुर्गा मंदिर में प्रात:10 बजे से खीर का प्रसाद आम जनमानस में बाटा जाएगा। यह जानकारी देते हुए यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल एवं प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली ने सभी से आग्रह किया है कि सभी कल प्रातः 10 बजे दुर्गा मंदिर में माता रानी को भोग लगने के पश्चात खीर का प्रसाद ग्रहण करें और पुण्य लाभ कमाए।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# झांकियों के साथ निकली राम दरबार यात्रा

खटीमा (उद संवाददाता)। सनातन श्री रामलीला कमेटी द्वारा राम दरबार यात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए निकली गई । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम दरबार की सुंदर झांकियां लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। भगवान शंकर, शिव पार्वती, हनुमान जी के विभिन्न रूप, नौ देवियों, गरबा नृत्य के साथ पूरे शहर में राम दरबार यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष इंद्रेश कुमार, भाजपा नगर महामंत्री मनोज बाजवा, संतोष अग्रवाल, हरिशंकर अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, राजू श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, नीरज रस्तोगी, संजू सक्सेना, विशाल अग्रवाल, भगवान दास गुप्ता, विनोद भारती, रवीश भटनागर, चिरंजीवी बत्रा, महेंद्र ठाकुर, विजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, दीपक यादव, संजय गुप्ता, राजेश गुप्ता, जतिन कक्कड, मुकेश मौर्य, वीरेंद्र रावत आदि थे।





# घर से चुराये बर्तन व नगदी सहित चोर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गित रात्रि शिवनगर में एक घर से चोरी किये बर्तन व दगदी सहित एक चोर को गृह स्वामी ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में साधन विश्वास पुत्र स्व. हरेन विश्वास निवासी शिवनगर वार्ड 8, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 24 अक्टूबर को वह अपने परिवार के साथ रात्रि भोजन ग्रहण करने के उपरान्त सो गया । अगले दिन सुबहे उठा तो देखा कि मकान का मैन गेट खुला हुआ है और गेट के नजदीक हथोड़ी रखी हुयी थी । शक होने पर अपने कमरे चैक किए तो पाया कि कमरे में से नगद दो हजार रूपये तथा पूजा पाठ के बर्तन पीतल की थाली, ताबां व पीतल का लोटा अन्य बर्तन गायब थे। नजदीकी सीसीटीवी कैमरे में चैक करने पर एक व्यक्ति को लोगो द्वारा पहचान लिया गया। जिसका नाम शिवम पुत्र हरविन्दर सिंह निवासी चामुण्डा मंदिर शिवनगर है । जिसकी तलाश की तो वह शिवनगर में स्थित अग्रेंजी शराब के ठेके के पास मिला । तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक बैग जिसके अन्दर घर के चोरी किए हुए बर्तन तथा नगद दो हजार चोरी के मिले । जिसे बरामद सामान के साथ थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने चोरी के सामान सहित शिवम को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# धोखाधड़ी कर खाते से 1.18 लाख निकाले

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑन लाईन धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति के खाते से 1.18 लाख रूपये निकाल लिए गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अमृत पाल सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी लोक विहार, फाजलपुर महरौला ने कहा है कि 10 अप्रैल 2023 को उसके साथएक लाख अट्ठारह हजार रूपये की ऑन लाईन धोखाधड़ी हुई थी। जिसकी तहरीर साईबर सेल, रूद्रपुर में दी गयी थी। साथ ही उसके द्वारा अपने बैंक खाते की कुछ धनराशि फ्रिज करा दी गयी थी। अमृतपाल सिंह ने पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए फ्रिज हुई रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नोक झोंक के बीच वर्कशॉप लाईन से हटाया अतिक्रमण

## सड़क किनारे फुटपाथ पर लगाए गए दर्जनों फड़ और ठेलों का सामान सहित जब्त भी किया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर जिला प्रशासन का अतिक्रमण अभियान जारी है। प्रशासन ने तिकोनिया चौराहे से वर्कशॉप लाइन तक अतिक्रमण के खिलाफ एक बार पिफर बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के साथ ही कई जगहों पर जेसीबी भी चलाई। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम के साथ तिकोनिया चौराहे से वर्कशॉप लाइनल तक का अतिक्रमण हटाया साथ ही फुटपाथ पर ठेला लगाने वालो के ठेले व सामान को भी जब्त कर लिया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों व प्रशासन के बीच काफी नोकझोंक भी हुई। लेकिन अतिक्रमणकारियों की एक ना चली। प्रशासन ने अपना अतिक्रमण अभियान रोके बिना ही तिकोनिया चौराहे से वर्कशॉप लाइन तक का सारा अतिक्रमण हटाया। साथ ही सड़क किनारे फुटपाथ पर लगाए गए दर्जनों फड़ और ठेलों का



सामान सहित जब्त भी किया गया। प्रशासन ने कुछ लोगों के चालान काट कर सख्त हिदायत दी कि सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इधर ऑल इंडिया हॉकर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद अग्निहोत्री ने बताया कि वर्तमान में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई जिसकी सुनवाई में नगर निगम को उच्च न्यायालय में पेश होना है। उससे पहले ही नगर निगम एवं नगर प्रशासन द्वारा ठेलों वालों के सामान में तोड़फोड़ किया गया जो गलत है। उन्होंने कहा जब इसका विरोध किया गया तो पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इधर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त अभियान के साथ ही त्यौहारी सीजन में लगातार जाम की स्थिति को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा सड़क किनारे और फुटपाथ घेरकर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा अतिक्रमण हटाने को लेकर जो विरोध करेगा उसके खिलाफ भी सख्त ऐक्शन लिया जायेगा। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि आज तिकोनिया से वर्कशॉप लाइन तक का अतिक्रमण हटाया गया इस दौरान कई ठेलों व फड़ को जब्त किया गया।

सील बंद निविदायें आमंत्रित हैं।
CRCA-SCRAP
Qty. 40000 to 45000 kg
निविदा खोलने की तिथि
27.10.2023
संपर्क करें : -
PLANTHEAD C/O
CSH POWER
HIMOINSA (P) LTD
PLOT NO :- 12A,
SEC. :- 9
IIE, SIDCUL,
PANTNAGAR,
RUDRAPUR,
UTTRAKHND -
263153
MOB:- 8958519416

# 'प्लास्टिक' के जानलेवा जमाव पर 'हाकिमों' की 'आंखें बंद'

- रूद्रपुर के रिहायशी इलाके में लगातार स्थापित हो रहे हैं प्लास्टिक के गोदाम
- प्रदूषण एवं दुर्गंध से सांस लेना हुआ मुश्किल, बढ़ रही है सांस संबंधी दिक्कतें
- कल्याणी नदी के तट पर 'कूड़े का पहाड़' समाप्त करने के तमाम दावे विफल
- विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों के किनारे नासूर बन रहा खुले में डाला जा रहा कचरा

- अर्श-

रूद्रपुर। आमतौर पर जब रुद्रपुर महानगर के संदर्भ में जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्रदूषण का जिक्र किया जाता है, तो हमारी नजर में कल्याणी नदी के तट पर स्थित 'कूड़े का पहाड़', जिसको समाप्त करने के तमाम दावे किए गए लेकिन वह आज तक शहर के सीने पर किसी नासूर की तरह बदस्तूर कायम है, का अक्स बन जाता है। मगर मगर आज हम अपने पाठकों को शहर के दामन पर किसी कोढ़ की तरह फैलते जा रहे, प्लास्टिक गोदाम से उत्पन्न प्रदूषण, जो कि कल्याणी नदी के तट पर मौजूद 'कूड़े के पहाड़' की भाँति ही जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ,से अवगत कराने जा रहे हैं। काबिले गौर है कि जिला मुख्यालय के ऐन नाक के नीचे किच्छा रोड स्थित मेडिसिटी हॉस्पिटल के ठीक पीछे कुछ ही समय में देखते ही देखते तकरीबन दो दर्जन की संख्या प्लास्टिक के कई गोदाम स्थापित हो गई हैं। इन गोदामों में मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए की दृष्टि से खतरनाक प्लास्टिक का खुले आसमान के नीचे भंडारण तो किया ही गया है, साथ ही इन गोदाम के मालिकों द्वारा आसपास के क्षेत्र में प्लास्टिक का कचरा भी लगातार फैलाया जा रहा है। इस कचरे में अक्सर ही आग लगी रहती है और इससे तकरीबन हर समय धुआं उठता रहता है। जिससे वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर होती जा रही है। स्थानीय रह वासियों का कहना है कि कभी -कभी तो कचरे में आग अपने आप ही लग जाती है और कभी गोदाम के कर्मचारियों द्वारा लगा दी जाती है। प्लास्टिक का कचरा जलने से उठने वाले धुएं के कारण आसपास रहने वाले लोगों में सांस संबंधी समस्याएं भी देखने को मिल रही हैं। बताया जाता है कि उपरोक्त सभी प्लास्टिक गोदामें कृषि भूमि पर अवैध रूप से निर्मित की गई है ,जिनमें प्लास्टिक का अवैध कारोबार निरंतर फल फूल रहा है और गोदाम की संख्या भी साल दर साल लगातार बढ़ती ही जा रही है ।अगर इन गोदाम की संख्या ऐसे ही बढ़ती रही, तो एक दिन इस क्षेत्र की हालत भी कल्याणी नदी के तट पर स्थित कचरे के पहाड़ के जैसी भयावह और जानलेवा हो जाएगी। हैरत की बात तो यह है कि जन स्वास्थ्य एवं प्रकृति दोनों के लिए के लिए ही प्लास्टिक कचरे के बेहद खतरनाक होने का तथ्य सर्व विदित होने के बावजूद भी, नगर के रिहायशी इलाके में लगातार हो रहे प्लास्टिक के इस जानलेवा जमाव के पर हाकिमों की आंखें पूरी तरह बंद है ।क्या जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन? क्या पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण विभाग और क्या नगर निगम? सभी की उदासीनता इस मामले में तकरीबन एक जैसी ही है ।प्लास्टिक के इन अवैध गोदामों में कई बार भीषण आग लगने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं पर जिले का अग्निशमन विभाग इस पूरे मामले का कोई संज्ञान ले रहा है और जिले का प्रदूषण नियंत्रण विभाग को तो जैसे इसकी भनक तक नहीं है। कहा जाता है की इन गोदामों में काम करने वाले ज्यादातर मजदूरों का पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं हुआ है। शायद यही कारण है कि इन गोदामों के मालिकों और मजदूरों के हौसले पूरी तरह बुलंद है और वह स्थानीय लोगों द्वारा धुएं के द्वारा प्रदूषण न फैलाने की बात कहने पर मारपीट और धमकी पर आमादा होने से भी बाज नहीं आते। इसके अतिरिक्त इन गोदामों के मालिकों की गतिविधियां भी संदिग्ध है और इस बात का पता लगाना खासा मुश्किल है कि संबंधित गोदाम का मालिक कौन है ?। बताना होगा कि पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने और बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाने के दृष्टिगत बड़े पैमाने पर प्लास्टिक के भंडारण पर सरकारी प्रतिबंध है। बावजूद इसके इन अवैध गोदामों में पालीथिन और प्लास्टिक का भंडारण धड़ल्ले से हो रहा है । इन गोदामों के आस-पास फैले कचरे से जहां एक तरफ आसपास के नाला नाली चोक हो रही हैं,वहीं दूसरी तरफ इन गोदाम से उठते धुएं के कारण आसपास के क्षेत्र में हमेशा वायु प्रदूषण की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों का सांस लेना भी दूभर रहता है ।इतना ही नहीं, प्लास्टिक के इन अवैध गोदामों में आग बुझाने के कोई इंतजाम भी नहीं है, लिहाजा इन गोदामों में दुर्घटनावश कभी आग लगने की स्थिति में आसपास की बिल्डिंगों में भी आग फैलने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता ।



## जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव मुख्यमंत्री, आवास, वित्त विभाग उत्तराखंड शासन डॉ.सुरेन्द्र नारायण पाण्डे ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार पहुॅचकर गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं चर्चा की। बैठक में औद्योगिक संस्थानों से जुड़े संगठनों ने इएसआई होस्पीटल में डॉक्टर्स की कमी, श्रम विभाग द्वारा अनावश्यक परेशान करने सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। पूर्व सैनिक संगठनों के पदाधिकारियों ने सैनिकों ने पूर्व सैनिकों तथा शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए योजनाओं एवं नोकरियों में प्राथमिकता दिये जाने, विभिन्न क्षेत्रों में सैनिक मिलन केन्द्र खोलने, सीएसडी केन्टीन संचालन तथा सैनिक कल्याण आदि से सम्बन्धित विभिन्न समस्याएं एवं मांग रखी। पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा, पत्रकारों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तथा वेतन निर्धारित करने आदि से सम्बन्धित मांग रखे, रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने सोसाइटी संचालन के लिए कक्ष आवंटन की मांग की, शिक्षा से जुड़े संगठनों ने शिक्षकों के प्रमोशन के लिए प्रत्येक वर्ष डीपीसी कराने तथा प्रमोशन समय से दिलाने की मांग की। बैठक में सचिव डॉ.पाण्डे ने कहा कि सरकार समस्याओं के निस्तारण हेतु बेहद संजीदगी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा समस्याओं के निस्तारण हेतु सरलीकरण, समाधान, निस्तारण तथा संतुष्टि के आधार पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर समस्याओं का निस्तारण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो समस्या जिस स्तर की है, उसका उसी स्तर पर समाधान कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि शासन स्तर की समस्याओं के समाधान हेतु शासन में प्रभावी पैरवी की जायेगी ताकि समस्याओं का तेजी से निस्तारण हो सके। बैठक में विधायक शिव अरोरा तथा मेयर रामपाल सिंह ने भी विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि विकास अनन्त काल तक चलने वाली तथा कभी न रूकने वाली सतत् प्रक्रिया है, उन्होंने कहा कि चहुमुखी विकास हेतु सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जीएम डीआईसी विपिन कुमार सहित संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## प्रदेश की मिनी गोल्फ टीम गोवा रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की मिनी गोल्फ टीम को खेल निदेशालय देहरादून और उधम सिंह नगर खेल कार्यालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर समाप्ति के उपरांत 37 वे राष्ट्रीय खेल गोवा में प्रतिभाग करने के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे डिसेबल स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ एवं जिला क्रीड़ा कार्यालय प्रभारी हरीश राम, बाजपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रभारी रघुवीर सिंह विर्क अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। भारत भूषण चुघ ने कहा कि उत्तराखंड मिनी गोल्ड की टीम 37 में राष्ट्रीय खेल जो गोवा में आयोजित हो रहे हैं में अपना उच्चतर प्रदर्शन करके उत्तराखंड का नाम रोशन करेगी।



उन्होंने टीम के वापस होने पर उनका स्वागत समारोह करने की बात कही तथा राष्ट्रीय खेलो में प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाड़ियो को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि जो खिलाडी पदक लेकर लौटेंगे उनका स्वागत समारोह उनके द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में भारत भूषण चुघ ने खिलाड़ियों के लिए अनेकों घोषणा की उक्त अवसर पर संगठन के सदस्य अभिजीत सिंह बहल, उत्तराखंड टीम के पुरुष वर्ग के सदस्य योगेश पांडे, सुमित मेहता, अभय बिष्ट, मयंक सुंदरियाल, महेंद्र आर्या, मंदीप सिंह, चेतन भट्ट, निशांत सिंह लूंठी तथा महिला वर्ग के सदस्य कुमारी प्रगति दुमका, दिव्या गोस्वामी दिया उप्रेती, स्वेता भाकुनी, कशिश शर्मा, दिया मेहर, वैशाली पांडे, खुशी शर्मा, पलक पाठक, सुषमा मेहरा, हेमा, समृद्धि थपियाल उनके प्रशिक्षक बेबी कोर एवं टीम मैनेजर हरि सिंह मेहर उपस्थित थे। मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष डीके शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड प्रदेश की टीम लगातार राष्ट्रीय खेलों में और अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। इसी कारण राष्ट्रीय खेल हेतु क्वालीफाइंग प्राप्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उत्तराखंड टीम निश्चय ही 37 वे राष्ट्रीय खेल में पदक हासिल करके वापस लौटेंगी। उक्त अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीसी पंत एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा, डॉ. राजेश कुमार,पंकज जोशी, अपजीत सिंह बहल, लोकेश पांडेय सहित अनेक खेल संगठनों के लोगों ने उत्तराखंड टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ नागेंद्र शर्मा ने खेल निदेशालय देहरादून और क्रीडा कार्यालय उधम सिंह नगर का प्रशिक्षण हेतु आभार व्यक्त किया।

## एमेनिटी स्पोर्ट्स अकैडमी और रुद्र क्रिकेट अकादमी ने किया फाइनल में प्रवेश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही उधम सिंह नगर टी 20 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी प्रतापपुर में खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच एमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी और हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी के मध्य हुआ।जिसमें एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 167 रन बनाए। एमेनिटी अकादमी के चार विकेट मात्र 20 रनों पर गिरने के बाद शशांक पन्त के 52 ,वरदान कंबोज के 33 और प्रत्यूष राज पांडे के 33 रनों के बदौलत टीम ने 167 का स्कोर खड़ा किया। हाइलैंडर की तरफ से प्रदीप बिस्ट, विवेक चौहान और नीतीश जोशी ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी की टीम निर्धारित ओवरो में 8 विकेट खोकर 126 रन ही बना सकी। जिसमें प्रखर वर्मा ने 23 आदित्य सरना ने 24 और जतिन विर्क ने 22 रन बनाए। एमिनिटी की तरफ से हिमांशु बसेड़ा ने 2,शशांक पंत ने 2 विकेट लिए। एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर ने हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकैडमी को 41 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच की मैन ऑफ द मैच शशांक पंत रहे। वही आज का दूसरा सेमी फाइनल मैच रूद्र लायंस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर और जेसिस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर के मध्य खेला गया। रुद्र लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 122 रन बनाएं। जिसमें मोहित अरोड़ा ने 48, काबिल गौतम ने 40 रनों का योगदान दिया। जेसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से राय सिंह ने 3, मनीष कुमार ने 2 विकेट लिए। जवाब में जेसिस क्रिकेट अकैडमी रूद्रपुर की पूरी टीम 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 86 रन बनाएं। जिसमें सत्येंद्र मिश्रा ने 21, आकाश मंडल ने 14 रनों का योगदान दिया। रुद्र लायंस की तरफ से काबिल गौतम ने 3, मोहम्मद फैद और मोहित कुमार ने 2-2 विकेट लिए। शानदार प्रदर्शन के लिए काबिल गौतम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस सेमीफाइनल मैच में रुद्र लायंस ने जेसिस क्रिकेट अकादमी को 36 रहने से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के अंपायर नमन ग्रेवाल और इसरार अंसारी ऑनलाइन स्कोरिंग गुरजीत सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर आफताब आलम, गौरव तिवारी ,राजीव चौधरी ,विनीत सिंगल ,बलवंत सिंह तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक समिति ने बताया है कि कल उधम सिंह नगर ज-20 क्रिकेट लीग का फाइनल मैच एमेनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी और रुद्र लायंस क्रिकेट अकादमी के मध्य किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकादमी प्रतापपुर काशीपुर में शाम 3:00 बजे से (डे नाइट मैच) खेला जाएगा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के सचिव महिमा वर्मा द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।



# जनपद में चल रहे विकास कार्यों का करें निरीक्षण

## सचिव डॉ.सुरेन्द्र नारायण पाण्डे ने समीक्षा बैठक में गैरहाजिर अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश
## जनपद में उत्पादन तथा किसानों की आर्थिक वृद्धि एवं मत्स्य मार्केट आदि का विस्तार से सर्वे करायें



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव मुख्यमंत्री ,आवास, वित्त विभाग उत्तराखंड शासन डॉ.सुरेन्द्र नारायण पाण्डे ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार पहुॅचकर जनपद में चल रहे विकास कार्यों तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की विभागवार समीक्षा की। बैठक में अनुपस्थित रहने एवं विलम्ब से आने पर वन, पंचायतीराज, पुलिस, विद्युत, परिवहन तथा खनन विभाग के अधिकारियों का स्पष्टीकरण लेने एवं एक दिन का वेतन काटने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि वाटर क्वालिटी की समय-समर पर जांच की जाये और क्वालिटी मैटेरियल टैस्टिंग के साथ ही थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन भी किया जाये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 26 जनवरी तक अधिक से अधिक कार्य पूर्ण करने तथा हर हाल में सभी कार्यों को मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में कुल कुओं की संख्या तथा वर्तमान में संचालित व बन्दु कुओं का डाटा एकत्र करने के भी निर्देश जल संस्थान के अभियंताओं को दिये।उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि मनरेगा कम्पोनेन्ट के अन्तर्गत जनपद के लिए उपयुक्त विशेष कम्पोनेन्ट को चिन्हित करते हुए नेशनल अवार्ड प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किया जाये। उन्होंने रेशम विभाग के अन्तर्गत आने वाली मजदूरी कार्यों को भी मनरेगा के अन्तर्गत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि एमडीएम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को मानकानुसार गुणवत्तायुक्त भोजन में और जनपद के सभी अधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण किया जाये, बच्चों के साथ भोजन ग्रहण किया जाये ताकि बच्चों में आत्मविश्वास जागृत हो। उन्होंने कृषि, उद्यान, मत्स्य आदि विभागों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि योजनाओं के क्रियान्वयन से पहले तथा क्रियान्वयन के बाद उत्पादन तथा उत्पादकता में वृद्धि, किसानों की आर्थिक वृद्धि एवं सामाजिक प्रभाव के बारे में साइंटिफिक आकड़े जुटाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ई-केवाईसी हेतु राजस्व, ग्राम्य विकास, कृषि तथा पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए निर्देश दिये कि जिन व्यक्तियों के नाम पोर्टल से हटाये जाने है, उन्हें नोटिस देते हुए नाम हटाया जाये और केवाईसी से हेतु अधिक संख्या वाले स्थानों पर कैम्प आयोजित किये जाये। उन्होंने पीएम स्वनिधि, सीएम स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी सहित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाये, बैंकर्स से समन्वय स्थापित करते हुए ऋण मुहैया कराया जाये और विभिन्न योजनाओं में ऋण जमा हेतु भी बैंकर्स को सहयोग प्रदान किया जाये। उन्होंने वर्ष 2008 से अब तक रोजगारपरक योजनाओं में स्थापित यूनिटों का सत्यापन करते हुए अब तक संचालित तथा बन्द हो चुकी यूनिटों का डाटा तैयार करने के निर्देश जीएम डीआईसी को दिये। उन्होंने गोबरधन योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जनपद में गौशालाओं के प्रभावी संचालन तथा गौशालाओं के आत्मनिर्भर बनाने हेतु कृष्णा गौशाला हरिद्वार का विजिट कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जनपद में मछली की मांग, उत्पादकता, आपूर्ति, मत्स्य मार्केट आदि का विस्तार से सर्वे करने के निर्देश दिये। उन्होंने सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कौशल विकास योजनान्तर्गत औद्योगिक मांग तथा स्वरोजगार के दृष्टिगत प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि मातृ-शिशु मृत्युदर, टीकाकरण, लिंगानुपात आदि का राष्ट्रीय तथा राज्य पोर्टल पर जनपद की स्वस्थिति का आंकलन करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में जैनरिक दवाओं को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान योजनान्तर्गत पंजीकृत अस्पतालों का भी निरीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में दुकाने खोलने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश पूर्ति विभाग के अधिकारियों को दिये। डॉ. पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है कि फील्ड कर्मचारियों तथा अधिकारियों से अनुभव के आधार पर फीड बैक लिया जाये। उन्होंने सीएम सौर ऊर्जा योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिकारियों में स्व कम्पटीशन की भावना हो और वह नेशनल तथा राज्य स्तर पर विभाग के उत्कृष्ट जिले से तुलना करते हुए अपने जिलें को नेशनल स्तर पर उत्कृष्ट बनाने की दिशा में रणनीति बनाकर कार्य करें ताकि अच्छे परिणाम प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा आपसी समन्वय से जनपद में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया जाये और यदि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कमी सामने आती है या सुझाव हो तो सम्बन्धित विभाग के साथ ही डीएम एवं सीडीओं को भी अवश्य अवगत कराये ताकि समय से निस्तारण किया जाये। इसके साथ ही डॉ.पांडे ने विगत माहों में अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव द्वारा जनपद की समीक्षा बैठकों एवम भ्रमण के संबंध में निर्गत दिशादृनिर्देशों के अनुपालन, भारत सरकार के प्रमुख थ्संहेंीपच कार्यक्रम, राज्य सरकार के प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रम, केन्द्र सहायतित परियोजनाएं, वाह्य सहायतित परियोजना, राज्य सैक्टर, जिला योजना, वन भूमि के लम्बित प्रस्ताव, सी0एम0 हेल्पलाईन-1905, जनपद की महत्वपूर्ण लंबित योजनाओ, परियोजनाओ की विस्तार से समीक्षा की।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जनपद में अनियोजित विकास, जल भराव, कृषि से सम्बन्धित समस्या सहित विभिन्न विभागों में रिक्त पदों आदि की समस्या से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने सुझाव दिये कि निर्माण कार्यों में ओपन एरिया सैडबैक मानक रिवाइज करने, जनपद ऊधम सिंह नगर तथा हरिद्वार के लिए दलहन उत्पादन हेतु पोलिसी बनाने, ऐंसे आईटीआई जिनमें मैकेनिकल की ट्रेड संचालित है के लिए निष्प्रोज्य वाहन उपलब्ध कराने के लिए पोलिसी बनाने, आयुष्मान कार्ड हेतु निगेटिव लिस्ट बनवाने, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, कला एवं संस्कृति अधिकारी की तैनाती, शहरी क्षेत्रों में खाद्यान्न दुकान आवंटन हेतु स्पष्ट पोलिसी बनाने, फसल बीमा योजना में प्रोसीजर लिबरल बनाने एवं मानकों में संशोधन करने, बीपीएल को एसीसीसी पड़ा जाये आदि से सम्बन्धित परिवर्तन आदि के सुझाव दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, एससी जल संस्थान मृदुला सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत आदि उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव में मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने श्री दुर्गा पूजा के अवसर पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में





प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना की, और क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की, और आपसी भाईचारे की मजबूती के लिए मां दुर्गा से प्रार्थना की स इस अवसर पर श्री दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा मुख्यअतिथि श्रीमती शर्मा और उनके साथ गए हुए अन्य अतिथियों का फूल मालाएं पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान श्रीमती शर्मा ने ट्रांजिट कैंप,रविंद्र नगर,मुखर्जी नगर,संजय नगर,राजीव नगर,इंद्रा आदर्श कॉलोनी, सहित ग्रामीण क्षेत्र धर्मनगर, हरदासपुर, खानपुर नंबर एक,दानपुर सहित अन्य स्थानों पर भी आयोजित दुर्गा पूजाओं में शामिल हुई और दुर्गा आरती में भाग लिया स इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,पार्षद प्रीति साना, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, बीडीसी कौशल विश्वास, रामाधारी गंगवार,रंजीत सिंह राणा,दिनेश मौर्या,शिवपद, अशोक राय, विकास गोलदार,पूर्व प्रधान नरेश तपाली, अनूप सिकदर, हरिदास हालदार, अर्जुन शील, अपूर्व सिकदर, कार्तिक मंडल,विद्युत सिकदर,दिलीप व्यापारी, विश्वनाथ ढाली, डॉक्टर सुमित राय, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं श्रीमती शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि खेड़ा स्थित संतोषी माता मंदिर में दुर्गा पूजा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी और पूजा कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व पालिका अध्यक्ष मुख्यअतिथि श्रीमती मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर और फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया । इस अवसर पर लालमन मौर्य, राहुल मौर्य, राम अवध, हरिओम पासवान, ओम प्रकाश, प्रेमपाल, काशीनाथ, दुर्गेश, पिंटू पाल, सर्वेश कुमार, धीरज, मनोज, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे ।

# अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने रहे हैं मुकेश भगत मिक्की

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर में विगत 57 वर्षो से लगातार पुरातन शिव मंदिर रामलीला कमेटी के तत्वधान में रामलीला का मंचन लगातार चलता आ रहा है।जिसमे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले मुकेश भगत मिक्की द्वारा दूसरे वर्ष भी रावण की भूमिका अदा करना काबिले तारीफ रहा। जहाँ एक और जनता ने उनके रावण के किरदार की जमकर सराहना की तो वही दूसरी और श्री शिव मंदिर रामलीला से जुड़े हर व्यक्ति ने रावण के पाठ को अदा करने वाले मुकेश भगत मिक्की की प्रशंसा के पुल बांधे।वैसे तो मुकेश भगत मिक्की किसी पहचान के मोहताज नही है ।





भगत परिवार के मुखिया वेद प्रकाश भगत जो कि रामलीला की शुरवात से ही श्री शिव मंदिर रामलीला के लिए समर्पित रहे है और उनके पुत्र मिक्की भगत ने भी अपने पिता के पद चिन्हों पर चलकर अपना जीवन राम के चरणों मे समर्पित करने का मन बना लिया मात्र 10 वर्ष की आयु से ही बाल लक्ष्मण की भूमिका में अपनी पहचान और प्रतिभा को जनता के सम्मुख रखा जिस पर जनता का अपार प्यार मिक्की भगत को मिला। इसी प्यार की बदौलत लक्ष्मण की भूमिका में मुकेश भगत मिक्की लगातार 10 वर्षो तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते आये है वही लक्ष्मण के साथ साथ लगभग 10 वर्षो तक अंगद,5 वर्ष परशुराम सहित दो वर्ष बाली और अब सबसे महत्वपूर्ण किरदार रावण की भूमिका में नजर आ रहे है।

# एनएसयूआई ने जारी की छात्रसंघ चुनाव प्रत्याशियों की पहली सूची

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन उत्तराखंड द्वारा छात्रसंघ चुनाव 2023-24 के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशियों की पहली सूची आज जारी की गयी है।मोतीराम बाबूराम शासकीय पीजी कॉलेज हल्द्वानी में विश्विद्यालय प्रतिनिधि पद हेतु सुजल सचिन तथा इंदिरा प्रियदर्शिनी शासकीय कन्या कॉमर्स पी.जी. कॉलेज (महिला महाविद्यालय) हल्द्वानी में अध्यक्ष पद के लिए आस्था तेजवानी, सचिव मानसी प्रकाश, सांस्कृतिक सचिव ज्योति पडियार, उपसचिव टीना कांडपाल, कोषाध्यक्ष शैल खनायत, विश्विद्यालय प्रतिनिधि हिमानी धामी को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने उत्तराखंड प्रभारी अक्षय



लाकड़ा की संस्तुति पर पत्र जारी कर एमबीपीजी कॉलेज और महिला महाविद्यालय हल्द्वानी के एनएसयूआई प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा की। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एड. गोविंद बिष्ट और जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने संयुक्त रूप से उक्त प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर सभी को जीत के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। विधायक श्री हृदयेश ने एनएसयूआई से जुड़े सभी छात्र छात्राओं को एनएसयूआई समर्थित प्रत्यशियों की जीत के लिए आज और अभी से जुट जाने की अपील की। प्रत्याशी घोषणा कार्यक्रम में जिला महामंत्री मलय बिष्ट, हेमन्त बगडवाल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष भुवन पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष विशाल भोजक, प्रदीप नेगी, हेमन्त साहू, दिग्विजय सिंह चौहान, मीमांशा आर्य, जूही चुफाल, ज्योति आर्य, लाल सिंह पवार, कोमल जायसवाल, अमित रावत, गुड्डू सम्मल, मयंक गुप्ता, हर्षीय जोशी, करन अरोड़ा, अमन गुप्ता, सोनू कसार आदि ने शिरकत की और एनएसयूआई प्रत्याशियों को जीत का आशीर्वाद दिया।

# स्कूटी से स्मैक तस्करी करते एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एंटी ड्रग टास्क फोर्स व काठगोदाम थाना पुलिस ने चेकिंग कर दौरान एक नशा तस्कर को स्कूटी पर अवैध तस्करी करते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना काठगोदाम व एंटी ड्रग्स टास्क फोर्स टीम द्वारा सामूहिक रूप से हाइडिल गेट के पास शिव मंदिर वाली गली दमुवादूंगा काठगोदाम के पास चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को स्कूटी से स्मैक की तस्करी करते हुए पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता कमल बिष्ट, निवासी दमुवाढुंगा काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर स्कूटी में रखी 9.60 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने कमल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार थाना काठगोदाम, कानि. प्रेम प्रकाश, अरविंद कार्की, अमनदीप सिंह, राजेंद्र जोशी व सोनू सिंह शामिल थे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हिमनद झीलों में बढ़ोतरी

बढ़ते तापमान को लेकर दुनिया भर में चिंता जताई जा रही है। इस मसले पर बड़े-बड़े सम्मेलन भी होते रहे हैं। मगर दशकों से चल रही ऐसी कवायदों के बीच यह समस्या और गहराती जा रही है। अब हालत यह है कि एक बड़े भूभाग और व्यापक आबादी के सामने व्यापक संकट सिर पर मंडराने लगा है। हिमनदों के पिघलने और इससे पैदा होने वाले हालात के खतरे से अब सभी परिचित हैं, लेकिन कुछ समय पहले सिक्किम में अचानक आई बाढ़ के पीछे जो कारण सामने आए, उसके बाद हिमनदों की बदलती तस्वीर को लेकर चिंता बढ़ गई है।विशेषज्ञों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के कारण हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में हिमनद झीलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इससे पैदा होने वाले खतरे के प्रति आगाह करते हुए चेतावनी दी गई है कि हिमनदों के आकार में अगर इसी तरह बदलाव होता रहा, तो हिमालयी क्षेत्र में बड़ी तबाही आ सकती है।गौरतलब है कि हाल ही में सिक्किम में हुई बारिश के बीच अचानक ही जिस पैमाने की बाढ़ आई, उसने समूचे प्रभावित क्षेत्र में लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया और जानमाल का व्यापक नुकसान हुआ। पचहत्तर से ज्यादा लोगों की जान चली गई, हजारों को विस्थापित होना पड़ा और कई प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाएं नष्ट हो गईं। भारी बरसात के बीच हुई तबाही के लिए बढ़ते तापमान, हिमखंडों के पिघलने और इसकी वजह से हिमनद झीलों के नाकाम होने को भी मुख्य रूप से जिम्मेदार माना गया है। अचानक हुई भारी बरसात को एक प्राकृतिक उथल-पुथल का नतीजा माना जा सकता है, लेकिन हिमखंडों का पिघलना और झीलों का विफल होना केवल कुछ दिनों का नतीजा नहीं होता है। किसी महत्त्वाकांक्षी परियोजना के संदर्भ में सभी पहलुओं के बारे में तस्वीर पहले से साफ होती है कि इनकी उपयोगिता क्या है और इसके जोखिम क्या हैं। अगर पहाड़ी इलाकों में किसी परियोजना के मद्देनजर झीलों का निर्माण होता है, तो उसकी नाकामी के कारणों, टूटने से पैदा होने वाली स्थितियों का अंदाजा लगाना इतना मुश्किल नहीं है। सिक्किम की बाढ़ से हुई तबाही से पहले 2013 में केदारनाथ आपदा से हुए व्यापक विनाश की जड़ में भी चोराबरी हिमनद झील में आया उफान ही था। चिंता की बात है कि हिमालय क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे इलाकों में भी इसी तरह हिमनद झील विस्फोट से बाढ़ के खतरे की आशंका जताई जाने लगी है। इन क्षेत्रों के तापमान में बढ़ोतरी की वजह से कई हिमनद झीलें तेजी से बढ़ रही हैं। ज्यादा वक्त नहीं बीते हैं, जब हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और उसकी वजह से आई बाढ़ से व्यापक तबाही हुई। ऐसे में अगर हिमखंडों के पिघलने या फिर भूकम्प की वजह से हिमनद झीलों या बांधों के टूटने के हालात पैदा होते हैं, तो हालात की केवल कल्पना ही की जा सकती है। इन खतरों के बावजूद इस जोखिम को और बढ़ाने वाली परियोजनाओं पर काम करने के स्वरूप में बदलाव के बारे में सोचना और समय रहते हिमनद झीलों से होने वाली तबाही की गुंजाइश को खत्म करना सरकारों को जरूरी क्यों नहीं लगता है? अफसोस की बात है कि हिमनदों की बदलती स्थिति और इसके कारणों के बारे में सब स्पष्ट होने के बावजूद प्रदूषण, अनियंत्रित निर्माण और कार्बन उत्सर्जन जैसे कारकों पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं दिखती है।

# जमरानी बांध के बनने से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पेयजल की जरूरतें होंगी पूरी

## जमरानी बांध में विद्युत उत्पादन से होगी 30 करोड़ की सालाना कमाई,2027 तक पूरा करना का है लक्ष्य

नैनीताल। जमरानी बांध बनने से सालाना 63.4 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। एक अनुमान के मुताबिक इससे सालाना आय करीब 30 करोड़ तक हो सकती है। इसका जिम्मा उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) को सौंपा गया है। यूजेवीएनएल यहां 120 करोड़ की लागत से 14 मेगावाट का विद्युत उत्पादन प्लांट लगाएगा। इसके तहत चार टर्बाइन और पावर हाउस बनाया जाना प्रस्तावित है। यह बिजली नेशनल ग्रिड को जाएगी। उत्तराखंड को इस ऊर्जा का 12 प्रतिशत अंश रॉयल्टी के रूप में मिलेगा। इससे राज्य को मुफ्त बिजली मिलने के साथ ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति भी की जा सकेगी। जमरानी बांध परियोजना के निर्माण की कवायद 1975 से चल रही है। पिछले एक साल से इसके निर्माण को लेकर प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ी है। 10 जून 2022 को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से योजना में निवेश की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। 18 अक्तूबर 2022 को जल शक्ति मंत्रालय ने स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में परियोजना को संस्तुति दी। 16 नवंबर 2022 को उत्तराखंड कैबिनेट ने पुनर्वास नीति को मंजूरी दी थी। 25 मार्च 2023 को पीआईबी की मंजूरी मिली थी। सिंचाई विभाग ने पुनर्वास योजना भी तैयार कर ली है। इसका अंतिम प्रकाशन किया जाना है। जमरानी बांध परियोजना से उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश की लाखों की आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही खेतों की प्यास भी बुझेगी। जमरानी बांध से नहरों के जरिये यूपी के बरेली और रामपुर जिले तक पानी पहुंचना है। इसके लिए यूपी सरकार बांध के निर्माण में 600 करोड़ रुपये का सहयोग करेगी। यह धनराशि बांध और नहरों के निर्माण के साथ ही प्रभावितों के पुनर्वास पर खर्च किए जाएंगे। परियोजना के निर्माण में यूपी सरकार का 600 करोड़ रुपया अंश निध



ारित किया गया है जबकि शेष खर्च उत्तराखंड सरकार वहन करेगी। जमरानी बांध परियोजना से यूपी और उत्तराखंड की कुल 150302 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। इसमें उत्तराखंड की 34720 हेक्टेयर और उत्तर प्रदेश की 115582 हेक्टेयर भूमि शामिल है। उत्तरप्रदेश की सिंचाई के लिए 61 मिलियन क्यूबिक मीटर और उत्तराखंड की सिंचाई के लिए 38.6 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी मिलेगा।सिंचाई विभाग के अनुसार इसके लिए 300 करोड़ से अधिक की लागत से नहरों का पुनर्निर्माण किया जाना है। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। यूपी के रामपुर और बरेली के लिए पानी गौलावार फीडर से होकर जाएगा। इसके लिए काठगोदाम से सेंचुरी पेपर मिल (लालकुआं) तक 16 किलोमीटर लंबी गौलावार फीडर का चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। इस कार्य में 100 करोड़ से अधिक खर्च होने का अनुमान है। गौलावार फीडर की क्षमता को डेढ़ गुना किया जाना प्रस्तावित है। अभी गौलावार फीडर की क्षमता 15 क्यूमेक है, जिसे बढ़ाकर 24 क्यूमेक किया जाएगा। यूपी के बरेली जिले की सिंचाई और पेयजल की जरूरतों को पूरा करने के लिए पाहा फीडर से पानी पहुंचाया जाना है। इसके लिए सेंचुरी पेपर मिल से नगला तक साढ़े आठ किलोमीटर लंबी नहर का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसकी क्षमता बढ़ाकर डेढ़ गुना की जाएगी। नगला से किच्छा बैराज होते हुए बरेली जिले के लिए पानी की निकासी की जाएगी।गौला नदी हल्द्वानी, किच्छा होते हुए बरेली जिले की ओर जाती है। जमरानी बांध बनने के बाद रामपुर जिले में पानी देने के लिए टांडा के जंगलों से होते हुए नहर का निर्माण किया जाएगा। यहां जंगलों के बीच हरिपुरा फीडर पहले से बना है जो जर्जर हालत में है। इसे पुनः सक्रिय करने के लिए इसका पुनर्निर्माण किया जाएगा। लगभग 18 किमी लंबे फीडर को हरिपुरा जलाशय तक ले जाया जाएगा। जलाशय के बाद यह नहर रामपुर जिले के लिए निकलेगी।साल 2021 में किच्छा बैराज क्षतिग्रस्त हो गया था। बैराज को ठीक करने की जिम्मेदारी यूपी सरकार की है। बरेली तक जमरानी बांध से पानी पहुंचाने के लिए इस बैराज को ठीक किया जाना जरूरी है। परियोजना को वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सिंचाई के साथ हल्द्वानी शहर को वर्ष 2055 तक 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है। परियोजना से हर साल 63 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होगी। मछली पालन और वाटर स्पोर्ट्स के जरिये भी राजस्व सरकार को मिलेगा।

# सीएम धामी ने केंद्र सरकार का जताया आभार

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जमरानी बांध परियोजना के लिए स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री



श्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल सिंचाई एवं पेयजल की हल्द्वानी व आसपास के क्षेत्रों में दिक्कत दूर होगी। बल्कि इस परियोजना से विद्युत उत्पादन भी होगा। प्रधानमंत्री जी के आशीर्वाद से उत्तराखंड में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है।उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय ने नैनीताल के हल्द्वानी में स्थित एचएमटी की बहुप्रतिक्षित 45.33 एकड़ भूमि सरकार को हस्तांतरित कर दी है। राज्य सरकार कई वर्षों से भूमि प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध कर रही थी।उन्होंने कहा कि केदारनाथ पुनर्निर्माण, बद्रीनाथ पुनर्विकास, मानसखंड मन्दिर माला मिशन, किच्छा में एम्स का सेटेलाइट सेंटर, वंदेभारत एक्सप्रेस, केदारनाथ व हेमकुंड रोप वे जैसी अहम योजनाएं उत्तराखंड के विकास में मील के नए पत्थर स्थापित कर रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की मंजूरी मिलने के बाद लखवाड़ हाइड्रो प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू हो गया है। ब्यासी प्रोजेक्ट को समय पर पूरा किया गया। किसाऊ जल विद्युत परियोजना से जुड़ी शेष औपचारिकताओं को भी जल्द पूरा कर काम शुरू किया जाएगा।उन्होंने कहा कि गदरपुर बाईपास एवं खटीमा बाईपास का लोकार्पण हो चुका है। मुरादाबाद से काशीपुर तक लगभग 61 किलोमीटर फोरलेन हाईवे के बनते ही मुरादाबाद से लेकर काशीपुर तक आने वाले लोगों का सफर आसान होगा। दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड से केवल ढाई घंटे में दिल्ली से देहरादून आ सकेंगे।

# हेल्थकेयर,फार्मा, एनर्जी सेक्टर पर रोड शो में फोकस किया जायेगा

## सतपाल महाराज और सौरभ बहुगुणा भी शामिल होंगे

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखण्ड में आगामी 8 और 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतर्गत उत्तराखण्ड सरकार द्वारा गुरुवार को चेन्नई में आयोजित किए जाने वाले रोड शो में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री अपने अधिकारियों के साथ चेन्नई के महात्मा गांधी रोड स्थित होटल ताज कोरोमंडल में विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े निवेशकों के साथ संवाद करेंगे। इस रोड शो में मुख्य रूप से हेल्थकेयर, फार्मा, एनर्जी सेक्टर पर फोकस किया जायेगा। मुख्यमंत्री के साथ उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज और श्री सौरभ बहुगुणा भी इस रोड शो में प्रतिभाग करेंगे। सरकार अब तक देश एवं विदेश के विभिन्न उद्योग समूहों के साथ कुल 54 हजार 550 करोड़ के इन्वेस्टमेंट का एमओयू साइन कर चुकी है। रोड शो से पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की थीम को पीस टू प्रोस्पेरिटी रखा गया है। टूरिज्म, वेलनेस और हॉस्पिटलिटी इंडस्ट्री के साथ-साथ उत्तराखण्ड में अनेक नए एवं गैर परंपरागत उद्योगों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश के प्रमुख फार्मा हब के रूप में प्रतिष्ठित है। राज्य में 3 फार्मा क्लस्टर है जिनमें 300 से अधिक उद्योग कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार इन्वेस्टर्स फ्रेंडली माहौल के लिए पॉलिसी रिफॉर्म्स कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अभी तक देश और विदेशों से इनवेस्टर्स समिट को लेकर बहुत ही अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। उद्यमी उत्तराखंड में निवेश के लिए उत्साहित हैं।

# रेस्क्यू कर गहरी खाई से निकाले यात्रियों के शव

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। धारचूला-गूंजी मोटर मार्ग पर आदि कैलाश से यात्रियों को ला रही जीप के तंपा मंदिर के पास अनियंत्रित होने से लगभग 500 मीटर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के पश्चात एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल पर रेस्क्यू अभियान चलाकर खाई में से 6 शवों को बाहर निकाल लिया। घटना की स्थानीय पुलिस चौकी के माध्यम से उक्त घटना की जानकारी मिलते ही हेड कास्टेबल मनोज धोनी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल हेतु रवाना हुई। दुर्घटनाग्रस्त जीप संख्या यूके 04 टीबी 2734 में कुल 6 लोग सवार बताए गए। जो आदि कैलाश यात्रा हेतु आये थे। इनमें से 2 स्थानीय निवासी थे। दुर्घटनास्थल बेहद खतरनाक होने और भारी बारिश के चलते तददिनाँक रेस्क्यू अभियान चलाया जाना सम्भव नही हो पाया। 25 अक्टूबर को प्रातः से ही रेस्क्यू टीम द्वारा स्थानीय पुलिस व अन्य बचाव इकाइयों के साथ संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया। उक्त वाहन में सवार सभी लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी। टीम द्वारा अन्य बचाव इकाईयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए खाई में उतरकर अत्यधिक विषम परिस्थितियों में कड़ी मशक्कत करते हुए सभी शवों को बरामद कर मुख्य मार्ग तक पहुँचाया गया। मृतकों में सत्यब्रदा पारैदा (59 वर्ष) निवासी बंगलुरू, नीलाला पन्नोल (58 वर्ष) निवासी हैदराबाद, मनीष मिश्रा, (48 वर्ष), प्रज्ञा (52 वर्ष) निवासी दिल्ली, हिमांशु कुमार (24 वर्ष) निवासी धारचूला पिथौरागढ़ तथा विरेन्द्र कुमार (39 वर्ष) निवासी धारचूला पिथौरागढ़ शामिल हैं।



# पूर्व सीएम हरीश रावत पुनः अस्पताल में भर्ती

देहरादून(उद संवाददाता)। विगत रात्रि हल्द्वानी से काशीपुर जाते समय बाजपुर में पूर्व सीएम हरीश रावत की कार डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे हरीश रावत समेत कुल तीन लोग घायल हो गए। पहले उन्हें काशीपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन बुधवार देर शाम डॉक्टरों की टीम ने पूर्व सीएम का चेकअप करने के बाद उन्हें और कार में उनके साथ सवार पार्टी के दो अन्य नेताओं को जौलीग्रांट में भर्ती किया। डॉक्टरों के मुताबिक, उनकी कमर व गर्दन में चोट आई हैं। कार में उनके साथ सवार कर्णप्रयाग के पूर्व ब्लॉक प्रमुख कमल रावत के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। अजय शर्मा के हाथ में चोट लगी है। वहीं, हर्रावाला निवासी कार चालक सुरेंद्र और पीएसओ नितिन मलिक ठीक हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ स्थानीय नेता और हरीश रावत के करीबी मनोज नौटियाल ने कहा कि डॉक्टरों की टीम बृहस्पतिवार को सभी टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद फैसला करेगी कि उनकी छुट्टी कब करनी है। हरीश रावत जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे उस वक्त भी उनकी गर्दन में चोट लगी थी। इससे उबरने में उन्हे कई महीने लगे थे। अब सड़क हादसे के बाद दोबारा उनकी गर्दन में चोट आई है। पूर्व सीएम रावत ने बताया वह हल्द्वानी से एक शादी समारोह से देर रात लौट रहे थे। वाहन का ड्राइवर थोड़ा थके हुए थे। क्योंकि इधर कई दिनों से श्रीराम लीला मंचन में आना-जाना लगा रहा, जिससे आराम नहीं मिल सका। ऐसे में मुझे ध्यान देना चाहिए था।मुझे बाजपुर की पुलिस से तत्पर सहयोग मिला। सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी अपने वाहन से काशीपुर के अस्पताल ले गए और एक निजी अस्पताल में उपचार दिलाया।



# सीएम के सचिव ने किया पीएम आवास योजना का स्थलीय निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव माननीय मुख्यमंत्री, आवास, वित्त विभाग उत्तराखंड शासन डॉ.सुरेंद्र नारायण पांडे ने बागवाला पहुंचकर पीएम आवास योजनान्तर्गत निर्माणाधीन प्रोजेक्ट (प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत बन रहे 1872 आवास) का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट में आधुनिक सुविधाओ पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि डिजाइन के अनुसार ही निर्माण कार्य किए जाए और आर्किटेक्ट तथा थर्ड पार्टी द्वारा भी समय समय पर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने सितम्बर 2024 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। डॉ.पाण्डे ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था पेयजल निगम के अधिकारियों निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा कार्यों को समयबद्धता से पूर्ण करने हेतु विशेष कार्य योजना तैयार कर माहवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और किसी भी प्रकार की कमी न हो। डॉ. पाण्डे ने निर्माणाधीन बालीबॉल कॉर्ट एवं वेलोड्रम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि इण्डोर हॉल में खिलाड़ियों को गर्मी न लगे, गर्मी से निजात हेतु सभी व्यवस्थाएं की जाये और इस बात पर भी विशेष ध्यान दिया जाये कि हॉल में पानी की निकासी हेतु समुचित व्यवस्था हो और बरसात के मौसम में हॉल में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके पश्चात डॉ. पांडे ने राज्य के प्रथम जैविक कूड़े से कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने कूड़े के निस्तारण, विद्युत व बायो गैस उत्पादन, जैविक खाद की बिक्री आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जैविक खाद के प्रभावों एवम लाभ के बारे में किसानों को जागरूक करने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए निर्देश दिए। इसके पश्चात डॉ.पांडे ने नगर निगम पहुंचकर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। नगर आयुक्त नरेश चन्द दुर्गापाल ने सफाई कर्मचारियों एवम स्टाफ की कमी आदि की समस्या रखी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश चंद्र कांडपाल, नगर आयुक्त नरेश चन्द दुर्गापाल, जिला अर्थ एवम संख्याधिकारी नफील जमील, तहसीलदार दिनेश कुटोला आदि उपस्थित थे





## जनपद के सभी स्कूलों में आपदा से हुई क्षति की रिपोर्ट दस दिन में प्रस्तुत करें

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने आज सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, उप शिक्षा अधिकारियों एवं उपजिलाधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि जनपद के सभी स्कूलों में आपदा से हुई क्षति के सुधारीकरण के लिए आंगणन बनाकर 10 दिन के भीतर प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने निर्देश




दिए कि इस कार्य हेतु जनपद का कोई भी स्कूल न छूटे तथा स्थानीय विधायकों से भी इस संबंध में वार्ता की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों के टॉयलेट, वाउंड्रीवाल, छत मरम्मत जैसे कार्यों के लिए आगणन बनाए जाएं। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आरसी पंत को भी कहा कि जनपद के सीएचसी तथा पीएचसी में आपदा से हुई क्षति के सुधारीकरण के लिए भी प्रस्ताव 10 दिन के भीतर प्रस्तुत किए जाए जिससे सभी सीएचसी, पीएचसी एवं स्कूलों की मरम्मत कार्यों हेतु धनराशि अवमुक्त की जा सके । बैठक में अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया, मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबा दत्त बालोदी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूचियों का होगा प्रकाशन

अल्मोड़ा । अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीएस मर्तोलिया ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का 1 जनवरी, 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित कराया जाना है। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 अक्टूबर, को मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा। आलेख्य प्रकाशन के उपरान्त प्रत्येक मतदेय स्थल पर नियुक्त बीएलओद्वारा अपनेअपने मतदेय स्थलों पर दावे आपत्तियॉ प्राप्त की जायेगी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में दिनॉक 27 अक्टूबर, 2023 को अपरान्ह् 12:00 बजे जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर की अध्यक्षता में न्यू कलैक्ट्रेट भवन अल्मोड़ा के सभागार में एक बैठक आहूत की गयी है।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों एवं सभी नगर निकायों से मिट्टी एकत्रित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के सभी 11 विकासखंडों की ग्राम पंचायतों एवं सभी नगर निकायों से मिट्टी एकत्रित की गई। इस मिट्टी को विकासखंडवार तथा निकाय वार कलश में भरकर आज अल्मोड़ा लाई गई । पीआरडी स्वयं सेवकों के माध्यम से इस मिट्टी को देहरादून तथा उसके बाद दिल्ली ले जाया जाएगा। जनपद से एकत्रित हुई इस मिट्टी की कलश यात्रा को आज सांसद अजय टम्टा एवं जिलाधिकारी विनीत तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी पीआरडी स्वयं सेवकों को देहरादून हेतु प्रस्थान की शुभकामनाएं दी इन सभी स्वयं सेवकों को सांसद अजय टम्टा ने उत्तराखंड के पारंपरिक वस्त्र भी दिए। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि 11 ब्लॉक एवं 5 नगर निकायों समेत कुल 16 कलश में मट्टी एकत्रित कर कलश तैयार किए गए तथा इन कलशों के साथ पीआरडी जवानों को देहरादून भेजा गया हैइस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे समेत अन्य उपस्थित रहे।

## खेतों में व अन्य स्थानों पर जलाने पर सम्पूर्ण रूप से किया प्रतिबन्ध

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जनपद में पराली, पुआल आदि को खेतों में व अन्य स्थानों पर जलाने पर तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा दी है। उन्होने बताया कि विभिन्न माध्यमों/स्रोतो से सूचना के अनुसार जनपद में फसल कटाई के उपरांत खाली खोतों में बची हुई (अवशेष), गिरी हुई पुआल को जलाया जाता है, जिससे जहां एक ओर पर्यावरण/वातावरण प्रदूषित होता है वहीं बुजुर्गो, छोटे बच्चों के साथ ही आम-जनमानस को भी श्वास सम्बन्धी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण/वातावरण में फैली धुंध से परिवहन में भी काफी दिक्कते आती है। उन्होने बताया कि जनहित में उक्त आदेश पारित किया गया है। उन्होने बताया है कि इस आदेश का उल्लंघन वर्तमान में प्रवृत्त अन्य कानूनों के प्रासंगिक प्राविधानों व नियमों के तहत अनुमन्य न होने के कारण भा0द0सं0 की धारा-188 सपठित वायु एवं प्रदूषण नियन्त्रण अधिनियम 1981 के तहत दण्डनीय है।




## पेज एक का शेष...

**चेन्नई पहुंचे सीएम...**और समस्त प्रदेश वासियों की उन्नति और कुशलक्षेम के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना की । पार्थसारथी मंदिर में भगवान विष्णु के चार अवतारों कृष्ण, राम, नृसिंह और भगवान वराह की पूजा होती है। मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है और इसकी वास्तुकला अद्भुत है।

**न्यायमूर्ति मनोज...** 20 मई 2009 को उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया। 2008 में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के अध्यक्ष बने। 9 मई 2017 को उत्तराखंड हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश बने।

**मोटरसाइकिलों की ...**हालत में घायल को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय लाया गया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक्सीडेंट की इस घटना में बुलेट पर पीछे सवार संजय को भी गंभीर चोटें आई जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर मृतक बंटी कुमार के घर अकस्मात घटी घटना को लेकर मातम पसरा है। मृतक बंटी अविवाहित है। उसके चार बहनों में से तीन की शादी हो चुकी है। उसके दो भाई और है।

**नकली हर्बल दवा..**लोगों द्वारा इस मकान को किराये पर लिया गया था। चार माह से बिना लाइसेंस दोनों इस मकान में दवाओं को बनाकर ऑनलाइन व्यापार कर रहे थे। इनके द्वारा विभिन्न बीमारियों के इलाज में पार्सल से दवा भेजकर मोटी रकम वसूली जा रही थी। उन्होंने बताया कि एक डिब्बे के 1575 रुपये वसूले जाते थे। सभी प्रकार की बीमारियों में एक ही प्रकार की दवा भेजी जाती थी। इन दवाओं के सम्बन्ध में फोरेसिंक जाँच से ही वास्तविकता सामने आ पायेगी। फिलहाल बरामद दवाइयों और मकान को सीलबन्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो लोगों के नाम सामने आये हैं जिनमें सलमान पुत्र मो. हनीफ निवासी ग्राम उदयपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत व फैजान पुत्र मो. हनीफ निवासी ग्राम उदयपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत शामिल हैं। जिनकी तलाश की जा रही है।टीम ने मौके से 500 डिब्बे पैक्ड दवाईयाँ, 500 कैप्सूल, 3 कट्टे में रॉ-मैटेरियल तथा 2 मशीनें बरामद कीं। एसटीएफ टीम में निरीक्षक एम.पी. सिंह, उ.नि. विपिन जोशी, उप निरीक्षक के.जी. मठपाल, अ.उ. निरीक्षक प्रकाश भगत, मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह, गोविंद सिंह, किशोर कुमार, रविंद्र बिष्ट, महेन्द्र गिरि व आरक्षी इसरार अहमद आदि शामिल थे।

**भतीजे को ब्लैकमेल...**कनपटी पर बंदूक तान दिया। इस दौरान अनूप अग्रवाल ने अपनी गन से उस पर गोली चला दी। फायरिंग की घटना में वह बाल बाल बच गया। अफरा तफरी मचने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। लेकिन जाते-जाते आरोपियों ने प्रतीक को मौत के घाट उतारने की धमकी दी इस घटना के बाद से प्रतीक तथा उसका परिवार अनहोनी की आशंका को लेकर दहशत में है। शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त व्यापारी नेता सहित 5 नामजद व अज्ञात खिलाफ धारा 147, 148, 149, 307, 323, 384, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**पत्रकार के साथ बदसलूकी...**कहना था कि पत्रकार की कोई गलती नहीं थी। उन्होंने तो दरोगा को अपना परिचय भी दिया की मैं पत्रकार हूं। बावजूद इसके दरोगा ने उनकी एक नहीं सुनी और अपना आपा खोते हुए पत्रकार को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। घटना का संज्ञान लेते हुए देहरादून के कप्तान अजय सिंह ने उप निरीक्षक हर्ष अरोरा को लाइन हाजिर कर दिया था। बुधवार को प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष नवीन थलेड़ी के नेतृत्व में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल डीजीपी से मिला। वहां पर उन्होंने इस घटना पर रोष जताते हुए दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस पर डीजीपी ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए देहरादून के एसएसपी को दरोगा को तत्काल निलंबित करने और तीन दिन में जांच करने के निर्देश दिए। पुलिस कप्तान ने शाम के वक्त दरोगा हर्ष अरोड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जांच सीओ डालनवाला को सौंप दी है।

**शक्तिफार्म के गन्ना...**किसान किच्छा चीनी मिल को गन्ने की सप्लाई देते आये है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय चीनी मिल प्रबधंन पर गन्ना किसानों को विश्वास नही है जिस वजह से वे पूर्व की भांति किच्छा चीनी मिल में गन्ने की सप्लाई पर सहमति जता रहे है। किसानों की मांग के बाद पांच गन्ना क्रय केंद्रों का गन्ना किच्छा चीनी मिल को सप्लाई करने पर सहमति बनाई गई। गन्ना किसानों ने मांग से सम्बधित मांगपत्र गन्ना समिति के अध्यक्ष, गन्ना सचिव को देकर पूर्व की भांति पांच सेंटरों का गन्ना यथावत दिये जाने की मांग की। इस मौके पर किसान देशराज सिंह, कृपाल सिंह, सुरजीत सिंह, सूरजभान, पवन कुमार, कैलाश पाल, जोगेंद्र, मंगल सिंह, जय प्रकाश मौजूद रहे। इधर जेजीएन शुगर मिल सितारगंज के जीएम अमर शर्मा ने कहा कि नम्वबर से सितारगंज चीनी मिल में पेराई सत्र प्रारम्भ होना है। गन्ना किसानों का समय पर भुगतान किया जाएगा। गन्ना किसान से अनुरोध है कि वे साफ सुथरा गन्ना लेकर मिल में आये। किसानों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। किसानों की मीटिंग में कई बिंदुओं पर गन्ना सप्लाई को लेकर सहमति बनी है।

**एसएसपी दरबार पहुंचा........**पक्ष रख रही थी तो उनकी पुलिस कर्मियों से किसी बात को लेकर बहस हो गई। जिसके बाद उन्हें कुछ देर के लिए थाने में बैठा लिया गया। इस बात से भाजपा नेत्री खासी नाराज हो गईं। इसी मामले को लेकर आज भाजपाईयों का शिष्टमंडल एसएसपी से मिला। जिसमें प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के साथ भाजपा किच्छा मण्डल अध्यक्ष अक्षय अरोरा, मंडल महामंत्री बलजीत गाबा,महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी, श्वेता मिश्रा, चन्द्रकला राय आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
AMSTRAD
MITSUBISHI ELECTRIC
DAIKIN
BOSCH
IFB
dyson
SONY
DELL
JBL
Whirlpool
VOLTAS
Haier
SANSUI
गुरू माँ
महा इलेक्ट्रॉनिक उत्सव
सबसे कम दाम की गारंटी
सबसे ज्यादा 22% तक कैशबैक
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
गुरू माँ
GURU MAA ELECTRONICS
RUDRAPUR I 9917161111-8410888888
गदरपुर
गुरू नानक इन्टर प्राईजेज
(9917161111) (8410888888)
काशीपुर
चीमा चौराहा रामनगर रोड
(9927813555) (8791989500)
हल्द्वानी
तिकोनिया पीलीकोठी
(9997207007) (9690256666)